# सुनो वर्धमान, महादानी | By Vikram Khatri

सुनो वर्धमान महादानी,
मेरी ये है करुण कहानी।
सुनो वर्धमान महादानी,
मेरी ये है करुण कहानी।
महावीर मुझे अपना लो,
मेरी दुनिया है वीरानी॥

हे वर्धमान हितकारी हो,
हे महावीर सुखकारी हो॥

मैं कब से तड़प रहा हूँ,
प्रभु अब तो कृपा कर दो।
मेरा खाली दामन प्रभु,
तुम खुशियाँ सारी भर दो।
हे वीर दिगंबरधारी,
करो दूर मेरी परेशानी।
सुनो वर्धमान महादानी,
मेरी ये है करुण कहानी।
महावीर मुझे अपना लो,
मेरी दुनिया है वीरानी॥

हे वर्धमान हितकारी हो,
हे महावीर सुखकारी हो॥

हिंसामय देश था सारा,
प्रभु तुमने किया निस्तारा।
अब कदम पड़े हैं तुम्हारे,
बहे प्रेम की सच्ची धारा।
देखो यह सिंह और गाय,
एक घाट पर पीते पानी।
सुनो वर्धमान महादानी,
मेरी ये है करुण कहानी।
महावीर मुझे अपना लो,
मेरी दुनिया है वीरानी॥

हे वर्धमान हितकारी हो,
हे महावीर सुखकारी हो॥

चंदनपुर टीला बताया,
जहाँ गाय ने दूध झराया।
एक ग्वाले से फिर तुमने,
उस टीले को खुदवाया।
प्रभु तुमने दिखाए दर्शन,
दुनिया हो गई है दीवानी।
सुनो वर्धमान महादानी,
मेरी ये है करुण कहानी।
महावीर मुझे अपना लो,

मेरी दुनिया है वीरानी ॥

हे वर्धमान हितकारी हो,
हे महावीर सुखकारी हो ॥

सुनो वर्धमान महादानी,
मेरी ये है करुण कहानी ।
सुनो वर्धमान महादानी,
मेरी ये है करुण कहानी ।
महावीर मुझे अपना लो,
मेरी दुनिया है वीरानी ॥

हे वर्धमान हितकारी हो,
हे महावीर सुखकारी हो ॥

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a5%8b-%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%a7%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-vikram-khatri/